demand has been projected for Sholapur upto the year 2005.

(b) Telephone demand projected for 2005 for Sholapur is 5021.

टेलीफोन निदेशिका (टेलीफोन डाइरेक्ट्री) को हिन्दी भाषा में प्रकाशित किया जाना

7067. श्री इकबाल सिंह: क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार टैलिफोन डाइरेक्ट्री को हिन्दी भाषा में प्रकाशित नहीं कर रही हैं;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार ने टेलीफोन डाइरेक्ट्री को हिन्दी भाषा में प्रकाशित करने के संबंध में अब तक कौन-कौन से ठोस कदम उठाए हैं?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) जी नहीं।

(ख) ऊपर हिन्दी भाग ''क'' के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

(ग) हिन्दी भाषी क्षेत्रों और महाराष्ट्र में अंग्रेजी और हिन्दी दोनों भाषाओं में टेलीफोन डाइरेक्टरियाँ प्रकाशित करने के अनुदेश पहले से ही विद्यमान हैं।

Amendment of Telecome Policy

7068. SHRI IQBAL SINGH: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government have agreed to amend the 1994 Telecome Policy, following its commitments to World Trade Organisation:

(b) if so, what are the details thereof and the reasons therefor; and

(c) what are the main guidelines announced by Government for entry of private sector in basic services?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) No, Sir.

(b) Does not arise in view of (a) above.

(c) Main guidelines are:

(i) Only Indian Companies registered under Companies Act are eligible to participate in the tender;

(ii) Foreign equity participation is limited to 49%.

(iii) The licensing of private sector will be on the circle basis;

(iv) There will be only one operator in addition to DOT in each Circle.

(v) Their period of licence normally be for 15 years;

(vi) Private sector companies will not be licensed for the national and inter-circle long distance lines in the first instance. The position will be reviewed after 5 years.

Guidelines also provide for setting up of a Telecom Regulatory Authority.

हिमाचल प्रदेश में संचार विभाग में नियुक्तियां

7069. श्री महेश्वर सिंह: क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान हिमाचल प्रदेश में संचार विभाग में विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत जिला-वार कितनी स्थायी और अस्थायी नियुक्तियां की गई है एवं तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और नियुक्त अभ्यर्थियों के नाम, पते तथा पद-नाम का ब्यौरा क्या है; और

(ख) उन अभ्यर्थियों की संख्या कितनी है जिनकी नियुक्ति रोजगार कार्यालय से नाम मंगवाकर तथा साक्षात्कार ले कर ही की है और उन व्यक्तियों की संख्या कितनी है जिनके नाम रोजगार कार्यालय से प्राप्त न करके तदर्थ नियुक्तियां की गई हैं?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क)

दूरसंचार जिले का नाम	नियुक्त किए गए उम्मीदवारों की संख्या
शिमला	15
सोलन	31
मंडी	12
धर्मशाला	59
हमीरपुर	55
सर्किल कार्यालय	146

उम्मीदवारों के नाम और पते अनुपत्र में दिये गए हैं इन सूचियों में उन दैनिक मजदूरों के नाम नहीं है जिन्हें दिहाड़ी पर भर्ती किया गया है। (देखिये परिशिष्ट 173, अनुपत्र सं॰ 152)